**प्रेस-नोट**

**दिनांक – 31.07.2026**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सावन माह के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

आज दिनांक 31.07.2026 को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल द्वारा सावन माह के दृष्टिगत थाना खरगूपुर क्षेत्र स्थित पृथ्वीनाथ मन्दिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। सावन माह को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने तथा मेला व शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महोदय द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के सभी शिवालयों का अधिकारीगण द्वारा आज ही भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समीतियों  के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर ले। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। पृथ्वीनाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवारात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़ भाड़ रहेगी महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनारार्थी जल लेकर जाएगें, नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए । जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया । गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाये , तथा पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ शोभायात्रा निकाली जाये। सभी शिवालयों पर वर्दी व शादे वस्त्र में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में QRT के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाये । महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गो पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन करा लिया जाये। वैकल्पिक मार्गो का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण कराते हुए तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा कांवड़ के मार्गों व धार्मिक स्थलों के आस-पास पोस्टर पार्टी को सक्रिय रखा जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सामयिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मो की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक / आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये वैधानिक कार्यवाही की जाये तथा अफवाहों का खण्डन किया जाये।

**मीडिया सेल गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक- 31.07.2026**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा श्रावण मास के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मंदिर का किया गया निरीक्षण, ड्यूटी पर लगे अधिकारी/कर्मचारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

आज दिनांक 31.07.2026 को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा श्रावण मास के दृष्टिगत थाना खरगूपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। श्रावण मास में शिवालयों/मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की भारी भीड़ को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महोदय द्वारा बताया गया कि श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद के समस्त प्रमुख शिवालयों का अधिकारीगण भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर लें। सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी धर्मगुरुओं, मंदिर प्रबंधन समिति, आयोजकों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा स्थानीय अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखते हुए प्रत्येक सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पृथ्वीनाथ मंदिर सहित जनपद के समस्त शिवालयों में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार एवं अन्य विशेष अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कांवड़िए जलाभिषेक हेतु पहुंचेंगे। इस दौरान नदी/घाटों से जल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेडिंग, गोताखोरों एवं आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसरों, कांवड़ मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिसकर्मियों की भी पर्याप्त ड्यूटी वर्दी एवं सादे वस्त्र में लगाई जाए। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं बीट पुलिस कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी प्रकार के गैर-परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाए तथा यदि कोई धार्मिक यात्रा अथवा आयोजन हो तो उसे पूर्व निर्धारित मार्ग से ही पर्याप्त पुलिस बल एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया जाए। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में क्यूआरटी (QRT) सहित पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। श्रावण मास के दौरान कांवड़ मार्गों पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट, मोबाइल गश्त एवं फुट पेट्रोलिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए। यूपी-112 के वाहनों का आवश्यकतानुसार रूट चार्ट तैयार कर उन्हें रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया जाए। वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था समय से पूर्ण कराई जाए। पीए सिस्टम की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए तथा कांवड़ मार्गों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास पोस्टर पार्टी एवं पुलिस बल को सक्रिय रखा जाए।

स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामयिक सूचनाओं के प्रति और अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म की सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली पोस्ट का तत्काल संज्ञान लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए उसका प्रभावी खंडन किया जाए।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.07.2026**

**थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के 02 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाहीः-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 86/2026 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 351(3), 352, 333, 329(3), 131, 117(2), 109(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण - 01. विजय पाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह, 02. प्रहलाद पुत्र राजकुमार को उसके घर ग्राम ताजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी मनमोहन सिंह पुत्र साधू सिंह निवासी पूरे सुखराज सिंह ताजपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली देहात में लिखित तहरीर दी गई थी कि विपक्षीणग एक राय होकर आये और वादी की जमीन को जबरन कब्जा करने लगे मना करने पर गाली गुप्ता देते हुए हाथ मे लिए राड, सब्बल व कुल्हाडी से जान से मारने की नियत से हमला कर दिए, तथा घर में घुसकर  औरतों को भी मारने लगे। जिससे सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0- 86/2026 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 351(3), 352, 333, 329(3), 131, 117(2), 109(1) बी0एन0एस0 बनाम सुर्यभान आदि 06 नफर आरोपी अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

जिसमे आज दिनांक 31.07.2026 को थाना को0देहात पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्तों - 01. विजय पाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह, 02. प्रहलाद पुत्र राजकुमार को उसके घर ग्राम ताजपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. विजय पाल सिंह पुत्र इन्द्र सिंह निवासी ग्राम ताजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।
02. प्रहलाद पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम ताजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0- 86/2026 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 351(3), 352, 333, 329(3), 131, 117(2), 109(1) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 राहुल मौर्य
02. रि0का0 सर्वेश कुमार
03. रि0का0 सुमित दूबे

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.07.2026**

**जनपद पुलिस से अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने वाले 03 उपनिरीक्षक व 01 कुक हुए सेवानिवृत्त, रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा शॉल व फूलमाला पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं-**

आज दिनाँक 31.07.2026 को जनपद गोण्डा पुलिस से 03 उपनिरीक्षक व 01 कुक अपनी अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए । इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल-माला पहनाकर छाता व अन्य धार्मिक पुस्तकें भेंट किए। सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया । महोदय ने सेवानिवृत्ति के उपरांत भी उनके द्वारा पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गयी तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।
इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन तथा अन्य पुलिस कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विवरण-**

01- उ0नि0ना0पु0 श्री कैलाश नाथ,
02- उ0नि0नि0पु0 श्री राधेश्याम दूबे,
03- उ0नि0ना0पु0 श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी
04. कुक श्री विरेन्द्र कुमार मिश्रा

**मीडिया सेल गोण्डा।**